जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति

05 दिसंबर, 2024

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के संकाय सदस्यों को विज़न विकसित भारत पहल के अंतर्गत 40 लाख रुपये का शोध अनुदान प्राप्त हुआ

नई दिल्ली: जामिया मिल्लिया इस्लामिया के प्रबंधन अध्ययन विभाग के संकाय सदस्यों प्रो. नौशादुल हक मलिक और डॉ. तौफीक अहमद सिद्दीकी को विजन विकसित भारत पहल के अंतर्गत आईसीएसएसआर द्वारा 20 लाख रुपये के प्रतिष्ठित शोध अनुदान से सम्मानित किया गया है। यह अनुदान पसमांदा मुसलमानों को शामिल करने पर केंद्रित उनकी परियोजना का समर्थन करता है।

इसके अतिरिक्त डॉ. तौफीक अहमद सिद्दीकी ने आईआईटी धनबाद के सहयोग से फिनटेक और महिलाओं के वित्तीय समावेशन पर एक परियोजना हेतु इसी पहल के अंतर्गत 20 लाख रुपये का एक और शोध अनुदान प्राप्त किया है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया